**संख्या-162/2026/1616/सैंतीस-2-2026/001-1(2)/2023-1732103**

प्रेषक,

**अशोक कुमार यादव,**
**उप सचिव,**
**उत्तर प्रदेश शासन।**

सेवा में,

**निदेशक,**
**रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र,**
**पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

पशुधन अनुभाग-2 लखनऊ :: दिनांक- 17 जुलाई, 2026

विषयः- **चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में अनुदान संख्या-15 के अधीन पशु जैविक औषधि संस्थान का सुदृढ़ीकरण योजना के अन्तर्गत राजस्व पक्ष में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1786/बजट/29(5)/30/13/2026-27, दिनांक-03.07.2026 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में अनुदान संख्या-15 के अधीन लेखाशीर्षक-2403-पशुपालन-101-पशु चिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य-12-पशु जैविक औषधि संस्थान का सुदृढ़ीकरण के अन्तर्गत निम्नलिखित मानक मदों में कुल रू0-60.70 लाख (रूपये साठ लाख सत्तर हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति अधोलिखित प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैंः-

| **मानक मद** | **स्वीकृत धनराशि (लाख में)** |
|---|---|
| 12-कार्यालय, फर्नीचर एवं उपकरण | 10.00 |
| 13-टेलीफोन पर व्यय | 0.20 |
| 16-व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान | 1.00 |
| 29-अनुरक्षण | 20.00 |
| 39-औषधि तथा रसायन | 3.00 |
| 42-अन्य व्यय | 7.00 |
| 43-सामग्री एवं सम्पूर्ति | 4.00 |
| 46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफटवेयर का क्रय | 5.00 |
| 58-आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान | 10.50 |
| **योग-** | **60.70** |

**(रूपये साठ लाख सत्तर हजार मात्र)**

(1) स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय अनुमोदित कार्ययोजना एवं मदों में योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा पूर्ण विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(2) निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग योजनान्तर्गत धनराशि व्यय करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि उक्त प्रयोजन हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है।

(3) स्वीकृत की जा रही धनराशि का एकमुश्त आहरण न किया जाय। किसी भी दशा में स्वीकृत धनराशि का आहरण कर बैंक/डाकघर में न जमा किया जाय तथा इससे व्यय नई मदों में न किया जाय। जहां तक सम्भव हो व्यय की फेजिंग वित्तीय वर्ष की शेष अवधि के लिये प्रतिमाह समान रूप से की जाय।

(4) प्रायोजना में सम्मिलित उपकरणों/सामग्रियों आदि का क्रय जेम पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा। जेम पोर्टल पर दरें उपलब्ध न होने की दशा में ही इनका क्रय उ0प्र0 भण्डार क्रय नियमावली तथा वित्त

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

विभाग/सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में समय-समय पर निर्गत सुसंगत शासनादेशों, उ0प्र0 प्रोक्योरमेन्ट मैनुअल (प्रोक्योरमेन्ट ऑफ गुड्स) 2016 का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए नियमानुसार किया जायेगा।

(5) जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय करते समय भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर निर्गत सुसंगत शासनादेशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) निर्माण/अनुरक्षण कार्यों हेतु स्वीकृत धनराशि का आहरण करने से पूर्व वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2 के शासनादेश दिनांक-26 अगस्त, 2014 के प्राविधानों के अनुसार कार्यदायी संस्था से प्राप्त आगणन का मूल्यांकन एवं परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति निर्गत करा ली जायेगी।

(7) वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक-28.03.2026 में दिये गये निर्देशानुसार कार्यदायी संस्था का निर्धारण कराने के उपरान्त ही स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय निर्माण/अनुरक्षण कार्यों हेतु किया जायेगा।

(8) विज्ञापन, प्रकाशन एवं प्रचार-प्रसार के संबंध में समय-समय पर निर्गत शासनादेशों एवं सूचना विभाग के निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(9) यह भी स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी के निर्वतन पर रखे जाने मात्र से किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नही देता है। जिन मामलों में उ0प्र0 बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी द्वारा प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाये।

(10) वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता संबंधी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ राजकीय धन व्यय करने में उ0प्र0 बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गई शर्तों की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय।

(11) स्वीकृत की जा रही धनराशि के सम्बन्ध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक-28.03.2026 एवं समय-समय पर निर्गत शासनादेशों में दिये गये दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय **लेखाशीर्ष:** 2403001011200 (पशु जैविक औषधि संस्थान का सुदृढ़ीकरण )

| | अनुदान संख्या | लेखा शीर्षक | मानक मद | प्रस्तावित धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| *1* | 015 | 2403001011200<br>पशु जैविक औषधि<br>संस्थान का सुदृढ़ीकरण | 12<br>कार्यालय फर्नीचर एवं<br>उपकरण | 10,00,000<br>( रुपये दस लाख मात्र ) |
| *2* | 015 | 2403001011200<br>पशु जैविक औषधि<br>संस्थान का सुदृढ़ीकरण | 13<br>टेलीफोन पर व्यय | 20,000<br>( रुपये बीस हजार मात्र ) |
| *3* | 015 | 2403001011200<br>पशु जैविक औषधि<br>संस्थान का सुदृढ़ीकरण | 16<br>व्यावसायिक तथा विशेष<br>सेवाओं के लिए भुगतान | 1,00,000<br>( रुपये एक लाख मात्र ) |
| *4* | 015 | 2403001011200<br>पशु जैविक औषधि<br>संस्थान का सुदृढ़ीकरण | 29<br>अनुरक्षण | 20,00,000<br>( रुपये बीस लाख मात्र ) |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | 015 | 2403001011200<br>पशु जैविक औषधि संस्थान का सुदृढ़ीकरण | 39<br>औषधि तथा रसायन | 3,00,000<br>( रुपये तीन लाख मात्र ) |
| 6 | 015 | 2403001011200<br>पशु जैविक औषधि संस्थान का सुदृढ़ीकरण | 42<br>अन्य व्यय | 7,00,000<br>( रुपये सात लाख मात्र ) |
| 7 | 015 | 2403001011200<br>पशु जैविक औषधि संस्थान का सुदृढ़ीकरण | 43<br>सामग्री एवं सम्पूर्ति | 4,00,000<br>( रुपये चार लाख मात्र ) |
| 8 | 015 | 2403001011200<br>पशु जैविक औषधि संस्थान का सुदृढ़ीकरण | 46<br>कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय | 5,00,000<br>( रुपये पाँच लाख मात्र ) |
| 9 | 015 | 2403001011200<br>पशु जैविक औषधि संस्थान का सुदृढ़ीकरण | 58<br>आउट सोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान | 10,50,000<br>( रुपये दस लाख पचास हजार मात्र ) |
| | **कुल** | | | **60,70,000**<br>**( रुपये साठ लाख सत्तर हजार मात्र )** |

| | |
|---|---|
| **महायोग** | 60,70,000<br>( रुपये साठ लाख सत्तर हजार मात्र ) |

के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक-28 मार्च, 2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

**(अशोक कुमार यादव)**
उप सचिव।

**पु0सं0-162/2026/1616(1)/सैंतीस-2-2026/001-1(2)/2023-1732103, तद्दिनांक ।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)/(लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. वित्त नियंत्रक/संयुक्त निदेशक (नियोजन), पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. सम्बन्धित जिलाधिकारी/मुख्य पशु चिकित्साधिकारी/मुख्य अथवा वरिष्ठ कोषाधिकारी।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-1/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1/नियोजन अनु0-3/गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

**(अशोक कुमार यादव)**
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।